प्रेषक, **महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई-मेल**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

संख्याः प्राशिप/अनु०3/पुनर्मूल्यांकन दिस० 2025/10 **लखनऊः दिनांक 01 / 04/2026**

विषयः- विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 के पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 के परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत कतिपय विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं में परीक्षक द्वारा प्रदान किये गये अंकों से असंतुष्ट छात्र/छात्राओं की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराने हेतु दिनांक 19/01/2026 से 22/01/2026 एवं 28/01/2026 से 29/01/2026 तक आंनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

अवगत हो कि विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 का पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 30/03/2026 को निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर की अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। समिति द्वारा पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम का विशलेषण करते हुए विशलेषणोपरान्त सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी।

प्राप्त संस्तुति के अनुक्रम में अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद/अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के अनुमोदनोपरान्त विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 के पुर्नमूल्यांकन परीक्षा परिणाम आज दिनांक 01/04/2026 को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम देखने हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर RESULT नामक लिंक उपलब्ध है। छात्र/छात्राएं परीक्षा परिणाम पंजीकरण संख्या (Enrollment No.) एवं जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं। साथ ही विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 में अनुचित साधन में आरोपित 55 छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिया गया है। अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें तथा उक्त सूचना संस्था के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
SANTOSH KUMAR SINGH
Date: 01-04-2026
18:39:49

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ० सं०: प्राशिप/अनु०3/पुनर्मूल्यांकन दिस० 2025/11-15 **तद् दिनांक 01 /10 /2026**

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र० कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 के पुनर्मूल्यांकन के परिणाम हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर लिंक प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।